कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3/2017/311 लखनऊः दिनांक 24 मई 2017

नीट पी0जी0 2017 की रिक्त सीटों को मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

शासनादेश संख्या–1709/71–2–17–4/2017 दिनांक 23 मई 2017 (वेबसाईट www.updgme.in पर उपलब्ध) द्वारा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों, विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि में अवशेष सीटों पर मॉप–अप राउण्ड के माध्यम से भरे जाने के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी करते हुये नीति निर्धारित की गई है।

उक्त के अनुपालन में नीट पी0जी0 2017 की द्वितीय चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग के उपरान्त अवशेष सीटों को **पूर्व में एन0आई0सी0 की वेबसाईट पर पंजीकृत तथा स्टेट मेरिट सूची में सम्मिलित** छात्रों से भरे जाने की कार्यवाही **राजकीय मेडिकल कालेजों/चिकित्सा विश्वविद्यालयों/संस्थानों की सीटों हेतु दिनांक 25 मई 2017 को** तथा **निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों, विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि की सीटों हेतु दिनांक 26 मई 2017 को टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ** में सम्पन्न की जायेगी।

दिनांक 25 एवं 26 मई 2017 को आयोजित मॉप–अप राउण्ड के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेजों/चिकित्सा विश्वविद्यालयों/संस्थानों की रिक्त सीटों पर आवंटन हेतु इच्छुक एवं अर्ह छात्रों को सूचित किया जाता है कि वह उक्त तिथि को काउंसिलिंग शुल्क के रूप में रू0 1,000/– (रूपए एक हजार मात्र) तथा सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 5,000/– (रूपए पॉच हजार मात्र) तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों, विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं/अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों/ डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि की सीटों पर आवंटन हेतु इच्छुक एवं अर्ह छात्रों को काउंसिलिंग शुल्क के रूप में रू0 1,000/– (रूपए एक हजार मात्र) तथा सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 1,00,000/– (रूपए एक लाख मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के नाम से लखनऊ में देय हो, के साथ आवंटन स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें, **नकद धनराशि किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।**

मॉप–अप राउण्ड आवंटन के संबंध में अन्य विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट www.updgme.in तथा https://upneet.gov.in पर तथा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जायेंगे।

महानिदेशक